स्मार्ट कृषि

आज ग्रामीण व शहरी तंत्र को जोड़ने में और उसके विकास में सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) ने मुख्य भूमिका निभाई है। सूचना प्रौद्योगिकी से आज हम किसी भी प्रकार की सूचना को दूसरों तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। किसानों के लिए इ–किओस्क, ई–चौपाल, कृषि विज्ञान केन्द्र व कृषि विभाग से समय–समय पर जानकारियाँ मिलती रहती हैं। सूचना प्रौद्योगिकी की सेवाओं से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में एक नई क्रांति का जन्म हुआ है और इसे कृषि क्षेत्र में और अधिक बढ़ाना चाहिए जिससे हमारे देश की उन्नति हो सके। इंटरनेट पर बहुत से ऐप्लिकेशन्स उपलब्ध हैं जो किसानों की खेती से जुड़ी जानकारी प्रदान करते हैं। सभी ऐप्लिकेशन्स एंड्रायड मोबाइल में काम करते हैं।

इफको किसान ऐप: यह ऐप्लिकेशन कृषि से जुड़ी जानकारी प्रदान करने में मदद करता है। इस ऐप्लिकेशन से किसान को अनुकूलित कृषि कार्य करने में सुविधा मिलती है और इससे नवीनतम मंडी कीमतों, मौसम पूर्वानुमान, कृषि सलाहकार सेवाओं, पशुपालन, बागवानी, कृषि चक्र, फसल रोग प्रबंधन, जल प्रबंधन इत्यादि की उपयुक्त जानकारी प्रदान की जाती है। यह ऐप्लिकेशन 11 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। किसानों की सहायता के लिए इफको द्वारा इफको ग्रीन सिमकार्ड भी उपलब्ध कराई जाती है जिसमें कृषि से जुड़ी हर जानकारी उपलब्ध है।

कृषि–उन्नति ऐप: यह ऐप्लिकेशन सामाजिक मीडिया के माध्यम से खेती संबंधी ज्ञान प्रदान करने और किसानों की समस्या को दूर करने के लिए बनाया गया है। आज ई–मीडिया की मदद से हम फेसबुक, ह्वाट्स ऐप, इंटरनेट वेबसाइट आदि की मदद से किसानों को जानकारियां प्रदान कर सकते हैं। उदारहणार्थः http://www.krishiunnati.com वेबसाइट से हमें कृषि से संबंधी ज्ञान, बागवानी, फूलों की खेती, डेयरी प्रबंधन, फसल रोगों, उत्तम खेती प्रथाओं, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य, मौसम की सूचना, औषधीय पौधों की खेती, खाद्य प्रसंस्करण आदि का ज्ञान ले सकते हैं।

खेती–बाड़ी–'जैविक खेती ऐप': यह एक ऐसा ऐप्लिकेशन है जिसमें किसानों को खेती के सुझाव, खेती के पूर्वानुमान, कृषि उत्पादों की खरीद व बिक्री की जानकारी आसानी से मिल जाती

है। इस ऐप्लिकेशन का चयन चार अलग–अलग भाषाओं (हिन्दी, अंग्रेजी, मराठी और गुजराती) में कर सकते हैं। इस ऐप्लिकेशन का प्रमुख उद्‌देश्य 'जैविक खेती' को बढ़ावा और समर्थन देना है।

किसान मित्र ऐपः यह ऐप्लिकेशन केवल किसानों के हितों को केंद्रित करके बनाया गया है जिसमें किसानों की बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखा गया है। इसीलिए इस ऐप्लिकेशन में वर्तमान दरें, बीज, उर्वरक, कृषि उपकरणों, पशुधन की जानकारी के अलावा कृषि विशेषज्ञों द्वारा ज्ञान और खेती के अन्य विषयों पर जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं।

किसान सुविधा ऐपः भारत सरकार ने किसान सुविधा नाम से मोबाइल ऐप्लिकेशन लॉन्च किया है। इस ऐप्लिकेशन के माध्यम से किसान खेती व मौसम की जानकारी प्राप्त करने के साथ–साथ कृषि वैज्ञानिकों से जुड़कर उनसे सलाह भी ले सकते हैं। इस ऐप्लिकेशन में वर्तमान फसलों का दौर तथा विभिन्न फसलों में आवश्यक क्रियाओं की जानकारियाँ उपलब्ध हो जाती हैं।

एग्रो कनेक्ट किसान एग्री ऐपः यह ऐप्लिकेशन फसल को कीट व बीमारी लगने से बचाने हेतु कीटनाशक दवा के प्रयोग के समय एवं मात्रा की जानकारी उपलब्ध कराता है। इसके अलावा फसल से जुड़े किसी भी सवाल पर किसान भाईयों और विशेषज्ञों के साथ चर्चा करने की भी सुविधा इस ऐप्लिकेशन में उपलब्ध है।

आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) का उपयोग अब हमारी जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बन गया है। सूचना प्रौद्योगिकी तथा विभिन्न तरह के ऐप्लिकेशन का इस्तेमाल करके किसान भाई घर बैठे तथा समय रहते विभिन्न नवीनतम मंडी कीमतों, मौसम पूर्वानुमान, पशुपालन, औषधीय पौधों की खेती, खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी, कृषि चक्र, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य, फसल रोग प्रबंधन, जल प्रबंधन इत्यादि की उपयुक्त जानकारियाँ अपने कम्प्यूटर व मोबाईल पर प्राप्त कर सकते हैं।

संकलन एवं सम्पादनः श्री सुनील कुमार, डॉ. प्रेम सिंह, डॉ. एन. सुभाष एवं डॉ. प्रकाश चंद घासल
प्रकाशनः निदेशक, भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ (उ.प्र.)
फोनः 0121–2888711, 2888611 **फैक्सः** 0121–2888546
ई मेलः directoriifsr@yahoo.com **वेबसाइटः** www.iifsr.res.in